-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना अतर्रा पुलिस द्वारा दुकान का ताला तोड़कर लैपटाप, फिंगर प्रिंट डिवाइस आदि की चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 14 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी लैपटाप, फिंगर प्रिंट डिवाइस, कि-बोर्ड सहित ताला तोड़ने के औजार आदि बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व क्षेत्राधिकारी अतर्रा सुश्री प्रतिज्ञा सिंह के नेतृत्व में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 14 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना बिसण्डा क्षेत्र के लखमी थोक के रहने वाले देवदत्त पुत्र कल्लू प्रसाद ने कल दिनांक 23.06.2026 को देर शाम थाना अतर्रा पर सूचना दी कि उनकी अतर्रा तहसील के सामने दुकान है जिसमें दिनांक- 22/23.06.2026 की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर लैपटाप, फिंगर डिवाइस, कि-बोर्ड आदि की चोरी कर ली गई है। सूचना पर तत्काल थाना अतर्रा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत आस-पास लगाए गए सीसीटीवी कैमरो व अन्य वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का प्रयोग करते हुए अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर गल्ला मण्डी के पीछे से चोरी के सामानों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सामानों के साथ-साथ दुकान का ताला तोड़ने में प्रयुक्त औजार आदि बरामद हुए है। इस सम्बन्ध में गहनता से जांच की जा रही है कि अभियुक्त द्वारा और किन-किन स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है साथ ही इसके आपराधिक इतिहास के भी बारे में जानकारी की जा रही है।

बरामदगी-

- 01 लैपटाप, 01 कि-बोर्ड, 01 माउस, फिंगर प्रिंट डिवाइस, लैपटाप स्टैण्ड, सीडी कवर आदि (चोरी की)
- 01 लोहे की छड़, लोहे का कटर, छोटा एवं बड़ा प्लास (चोरी/ताला तोड़ने में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. राजेश पुत्र रामबालक निवासी गोबरिया बुजुर्ग भैसौदा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 229/26 धारा 331(4)/305(a)/317(2) बीएनएस थाना अतर्रा जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री राकेश कुमार तिवारी प्र0नि0 थाना अतर्रा
2. उ0नि0 श्री सुरेन्द्र प्रताप
3. कां0 अजय प्रजापति
4. कां0 रविन्द्र श्रीवास